गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांक :—एफ( )गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2024—25 / 1106 दिनांक—22.11.2024

अधिसूचना दिसम्बर 2024 / सेमेस्टर—3(PG) / 1

विश्वविद्यालय परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024—25 के "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" के तहत लागू सेमेस्टर आधारित कोर्सेसः एमए, एमएससी, एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र **(समस्त विद्यार्थीः नियमित, पूर्व विद्यार्थी* एवं स्वयंपाठी)** आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने की तिथियाँ निम्नानुसार हैं—

क्र. स.	पाठयक्रम का नाम	केटेगरी	आवेदन पत्र प्रारम्भ तिथि	आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि	विलम्ब शुल्क (200 रूपया) अन्तिम तिथि
01	**स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष (एमए, एमएससी, एम.कॉम) तृतीय सेमेस्टर**	**नियमित, पूर्व विद्यार्थी एवं स्वयंपाठी छात्र**	**25.11.2024**	**09.12.2024**	**14.12.2024**

विशेष ध्यातव्य—ः

1. समस्त नियमित, पूर्व विद्यार्थी एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी आवेदन करने की अन्तिम तिथि के बाद आगामी तीन दिन में आवेदन पत्र मय समस्त दस्तावेज अनिवार्यतः सम्बन्धित महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र (केवल स्वयंपाठी हेतु) में जमा करेंगे। सत्र 2023—24 में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण / प्रोन्नत रहे विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2024—25 के तृतीय सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) हेतु आवेदन करेंगे। पूर्व प्रथम सेमेस्टर (दिसम्बर 2023) के बकाया रहे पेपर / पेपर्स, तृतीय सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) में अनिवार्यतः भरे जाएंगे।
2. आवेदन पत्र की हार्ड प्रति जमा नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन की आगामी प्रक्रिया प्रोसेस नही की जा सकेगी। नियमित विद्यार्थी अनिवार्यतः तृतीय सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) के इन्टरनल टर्म टेस्ट में प्रविष्ठ होने की स्थिति में ही परीक्षा फॉर्म फारवर्ड होने एवं विश्वविद्यालय सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखेंगे।
3. समस्त विद्यार्थी स्वयं स्तर पर बनाई गई ऐकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) का ही उपयोग करेंगे। इसके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा जाएगा।
4. **आवेदन पत्र के साथ कक्षा पूर्व प्रथम सेमेस्टर (दिसम्बर 2023) एवं द्वितीय सेमेस्टर (जून 2024) की अंकतालिका (स्वप्रमाणित) प्रति जमा करवाना अनिवार्य है। समस्त दस्तावेज मय आवेदन पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय परीक्षा केन्द्रो में जमा करवाना अनिवार्य हैं।**
5. नियमित अध्ययन के सम्बन्ध में विद्यार्थी महाविद्यालय में नियमित प्रवेशित होना अनिवार्य है। समस्त नियम आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की प्रवेश नीति सत्र 2024—25 के अनुसार ही रहेंगे।
6. सत्र 2023—24 के प्रथम सेमेस्टर (दिसम्बर 2023) में अनुत्तीर्ण / प्रोन्नत विद्यार्थी जिन विषयों में अनुत्तीर्ण घोषित है वे सत्र 2024—25 स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) में पूर्व में अनुत्तीर्ण रहे समस्त प्रश्नपत्रों में ही अनिवार्यतः आवेदन करेंगे। उक्त प्रथम सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा रहे है। विद्यार्थी निर्धारित तिथियों में आवेदन करें। विलम्ब होने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।
7. सत्र 2023—24 के द्वितीय सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण घोषित (द्वितीय सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण रहे प्रश्नपत्र) आगामी द्वितीय सेमेस्टर (जून 2025) में ड्यु रहे प्रश्नपत्र में आवेदन करेंगे।
8. विगत सत्रों (2022—23 एवं इससे पूर्व) स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण या प्रोन्नत विद्यार्थी (वार्षिक पद्धति) वाले विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा हेतु आवेदन नही करेंगे। ऐसे विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की अधिसूचना पृथक से जारी की जाएगी।
9. नियमित विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में प्रवेशित महाविद्यालय में स्वयं का नाम न होने पर संबंधित महाविद्यालय से सम्पर्क करेंगे।
10. तृतीय सेमेस्टर (दिसम्बर 2024) हेतु समस्त आवेदन सेमेस्टर द्वितीय (जून 2024) के परीक्षा परिणाम के आधार पर ही भरें जाएंगे।
11. निजी महाविद्यालय समेकित रूप से आवेदन करने के उपरांत बैंक चालान से ही फीस जमा करेंगे। किसी भी स्थिति में RTGS/NEFT/Online Transfer स्वीकार नही किया जाएगा।

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)